भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1204
उत्तर देने की तारीखः 23 मार्च, 2012

दिल्ली में महिलाओं हेतु कैमिकल इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय खोला जाना

1204. **श्री परिमल नथवानीः**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में अपनी तरह का पहला महिला कैमिकल इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय दिल्ली में खोलने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या झारखण्ड में रांची सहित प्रत्येक राज्य की राजधानी में ऐसे विश्वविद्यालयों की स्थापना किए जाने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डा. डी. पुरंदेश्वरी)

(क) से (घ): जी, नहीं। सरकार का दिल्ली में तथा झारखण्ड में रांची सहित प्रत्येक राज्य की राजधानी में केवल महिलाओं के लिए कैमिकल इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

***